सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 260 | इंदौर, मंगलवार 02 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## नेशनल हाईवे 44 पर सवारियों से भरी बस पलटी

**25 से ज्यादा यात्री घायल**

**दर्शन करने बालाजी जा रहे थे**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** **आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे 44 पर सोमवार देर रात एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 25 से ज्यादा यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में महिला और बच्चे में शामिल भी हैं। हादसे में बस में सवार 10-12 यात्रियों को ज्यादा चोटें आई हैं, उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के समय बस में करीब 30 यात्री सवार थे।**

जानकारी के अनुसार मप्र के ग्वालियर जिले से बस में सवार होकर सभी यात्री मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन के लिए राजस्थान जा रहे थे। इस दौरान मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना इलाके के सिकरोदा नहर के पास आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे 44 पर यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पहुंची मुरैना पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस के अनुसार हादसे में 25 से ज्यादा यात्री घायल हुए है। जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनमें कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें भी आई हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 80 साल के बुजुर्ग ने 34 वर्षीय महिला से की शादी

**सुसनेर में कोर्ट मैरिज के साथ मंदिर में भी की रस्म पूरी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर मालवा।** जिले के सुसनेर में सोमवार को न्यायालय परिसर में एक हैरान करने वाली शादी सम्पन्न हुई है। इस शादी में दूल्हा 80 का है तो दुल्हन 34 वर्ष की। शादी में बाकायदा उन्होंने कोर्ट मैरिज भी की और न्यायालय परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में एक दूसरे को वरमाला पहनाकर हिन्दू रीती रिवाजों से शादी भी की है। सुसनेर के समीपष्ठ ग्राम मगरिया निवासी दूल्हा बने बालूराम बागरी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय भी है, उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर हजारों की संख्या में फॉलोवर भी है। इसी सोशल मीडिया के जरिए उनकी पहचान महाराष्ट्र निवासी शिला से हुई। बालूराम बागरी ने जिस महिला से शादी कि है वह महाराष्ट्र कि निवासी शिला बाई इंगले हैं, जिनकी उम्र 34 वर्ष है और वह मूलतः अमरावती महाराष्ट्र की रहने वाली है।

# अप्रैल में 46 डिग्री पार पहुंचेगा तापमान

**चलेगी हीट वेव : ग्वालियर-चंबल खूब तपेगा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में अप्रैल के महीने में तेज गर्मी पड़ेगी। सबसे ज्यादा ग्वालियर-चंबल तपेगा। यहां हीट वेव भी चलेगी। आखिरी सप्ताह में ग्वालियर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं, भिंड, दतिया, मुरैना, श्योपुरकलां में पारा 46-47 डिग्री तक रहने का अनुमान है। निवाड़ी, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, खरगोन, शिवपुरी में तापमान 45 डिग्री तक रहेगा।**

IMD, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अप्रैल में गर्मी पड़ने का ट्रेंड है। इस बार भी तेज गर्मी पड़ेगी। हीट वेव के अलावा कई शहरों में रातें भी गर्म रहेंगी।



### सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा रहेगा तापमान

जिस तरह दिसंबर-जनवरी में सर्दी और जुलाई-अगस्त में सबसे ज्यादा बारिश होती है, उसी तरह गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। मार्च महीने के आखिरी में ही टेम्प्रेचर बढ़ने लगता है। इस बार भी ऐसा ही मिजाज रहा। दमोह, रतलाम समेत कई शहरों में तो तापमान 41-42 डिग्री के पार हो गया। यह सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक था। ऐसा ही मिजाज अप्रैल में भी देखने को मिलेगा। ज्यादातर शहरों में सामान्य तापमान 3-4 डिग्री अधिक ही रहेगा।

### वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे, पर असर ज्यादा नहीं

2 और 5 अप्रैल को उत्तर भारत में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहे हैं। अमूमन 2 से 3 दिन बाद प्रदेश में इनका असर दिखाई देता है। प्रदेश में इनकस हल्का असर देखने को मिल सकता है। हालांकि, अब तक बारिश होने का अनुमान कम ही है।

### अप्रैल में कैसा रहता है गर्मी का ट्रेंड

प्रदेश में अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में तेज गर्मी पड़ती है। महीने के आखिरी दिनों में तो तापमान रिकॉर्ड तोड़ देते हैं। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के 10 साल की डाटा बेस्ड स्टडी में सामने आया कि भोपाल-इंदौर में पारा 43 डिग्री तक पहुंचा, जबकि जबलपुर में आंकड़े ने 44 डिग्री को छू लिया। ग्वालियर में तो तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच चुका है। पिछले तीन साल इन शहरों में तेज गर्मी पड़ी। अबकी बार भी टेंप्रेचर में बढ़ोतरी की संभावना है।

### मार्च में 4 बार बदला मौसम

मार्च महीने में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से 4 बार मौसम बदला। इससे आधे MP में बारिश हुई और ओले गिरे। भोपाल, दमोह, रतलाम समेत कई शहर तेज गर्मी पड़ी और हिट वेव यानी, गर्म हवाएं भी चली। इससे पहले, मार्च में वेस्टर्न डिस्टरबेंस समेत अन्य सिस्टम के एक्टिविटी की वजह से बारिश और ओले का मौसम रहा। आखिरी सप्ताह में दिन-रात के टेम्प्रेचर में बढ़ोतरी हो गई। कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार है।

**हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा**

# पिता के साथ 3 बहनों ने की बेटे की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के लकडाई जम्होडी में 30 मार्च को सीताबाई कुमरे के खेत में एक व्यक्ति का शव मिला था। मृतक की पहचान सतीश टेकाम के रूप में हुई थी। पुलिस ने जांच शुरू की और पाया कि सतीश की हत्या उसकी दो बहनों, एक तीसरी बहन और पिता ने मिलकर की थी। सतीश की दो बहनें अपने बच्चों के साथ मायके में रह रही थीं और उनका अक्सर सतीश से विवाद होता रहता था। सतीश की सगाई हो चुकी थी और वह नहीं चाहता था कि उसकी दो बहनें मायके में रहें।

घटना के दिन सतीश ने अपने माता-पिता से पैसे की मांग की और दोनों बहनों को घर से निकालने की जिद की। इसी बात पर दोनो बहने सुरेखा भलावी व राखी इनवाती से सतीश का झगडा हुआ बाद तीसरी बहन संगीता इनवाती एवं पिता गिरधारी टेकाम ने मिलकर मृतक सतीश को जमीन पर पटक दिया और उसके हाथ पैर पकड़ लिये व सुरेखा भलावी ने रस्सी से सतीश के गले में फंदा लगाकर गला घोट दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक सतीश टेकाम का शव घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर सूखे कुंए में चारों लोग मिलकर मृतक के हाथ पैर पकडकर फेंकने ले जा रहे थे, कुत्तो के भौंकने की आवाज सुनकर मृतक का शव रास्ते में ही फेंककर भाग आये। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार-** पुलिस ने इस दौरान सुरेखा पति मंशा भलावी उम्र 30 साल, राखी पति कंचलाल उर्फ विक्की इनवाती उम्र 29 साल, संगीता पति अनिल इनवाती उम्र 28 साल, गिरधारी पिता दृदू टेकाम उम्र 55 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गर्मी शुरू होते ही सूख गया पिपलियाहाना तालाब

## ट्रीटमेंट प्लांट से ढाई लाख लीटर पानी तालाब में छोड़ने की कवायद नगर निगम ने की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर का पिपलियाहाना तालाब अप्रैल माह शुरू होने से पहले ही सूख गया है। पहले इसमें वर्ष भर पानी रहता था। इस तालाब को जीवित रखने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने कई निर्देश दिए थे। उसका पालन नहीं हुआ। सिर्फ जिला कोर्ट की बिल्डिंग 50 फीट पीछे की गई,लेकिन तालाब के प्राकृतिक बहाव हो रहे निमार्णों की अनदेखी की गई। तालाब के पास जो एसटीपी प्लांट लगाया गया है। वह भी 24 घंटे काम नहीं करता है। इस वजह से तालाब जल्दी सूख रहा है और आसपास के क्षेत्रों का भूजल स्तर भी कम हो रहा है।**

पिपलियाहाना तालाब 50 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैला हुआ है और उसका केचमेंट एरिया और चैनल भी था, लेकिन बीते 15 वर्षों में तालाब के केचमेंट एरिया पर स्कीम-140 की सड़क बना दी गई। इसके अलावा एक बस्ती तालाब की जमीन पर बस गई। गोयल नगर का कुछ हिस्सा भी तालाब की जमीन पर है। वर्ष 2017 में आधे तालाब के हिस्से में जिला कोर्ट की बिल्डिंग के लिए लोक निर्माण विभाग ने रिटेनिंग वॉल बना दी थी। लोहे और सीमेंट कांक्रिट की मोटी दीवार के कारण तब तालाब में पानी नहीं भर पाया था। इसके बाद रहवासियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने तालाब के लिए आंदोलन किए। मामला एनजीटी और हाईकोर्ट तक पहुंचा। इसके बाद कोर्ट बिल्डिंग पीछे हटाकर बनाने का फैसला लिया। तब एनजीटी ने तालाब का सीमांकन करने और तालाब की चैनलों पर निर्माण न होने के आदेश भी दिए थे, लेकिन उसका पालन जिम्मेदार संस्थानों ने नहीं किया।

### पूरे समय नहीं मिलता प्लांट का पानी

ट्रीटमेंट प्लांट से ढाई लाख लीटर पानी तालाब में छोड़ने की कवायद नगर निगम ने की। इसके लिए एक प्लांट भी तालाब के पास बनाया, लेकिन हकीकत यह है कि प्लांट पूरे समय काम नहीं करता। बीच-बीच में उसे बंद कर दिया जाता है और तालाब में हर दिन ढाई लाख लीटर पानी नहीं मिलता। यदि प्लांट 24 घंटे काम करता तो तालाब में पानी नहीं सूखता। ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता आधा एमएलडी है। उसे नगर निगम को एक एमएलडी करना चाहिए।

**-अजय सिंह नरुका, पूर्व सभापति नगर निगम**

# एमपीपीएससी ने अप्रैल-मई की परीक्षाएं जून में शिफ्ट की

### सहायक प्राध्यापक सहित अन्य परीक्षाओं का ये है शेड्यूल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने लोकसभा चुनाव के तहत अप्रैल-मई में परीक्षा की तारीख नहीं रखते हुए परीक्षा शेड्यूल को जून में शिफ्ट कर दिया है। जून में तीन परीक्षाएं होगी। 9 जून को 820 से अधिक रिक्त पदों के लिए सहायक प्राध्यापक की परीक्षा होगी। सहायक प्राध्यापक के साथ ही 129 खेल अधिकारी और 200 ग्रंथ पाल के पद भी हैं। पहले परीक्षा अप्रैल में होने वाली थी।**

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 पहले अप्रैल में होना थी लेकिन लोकसभा चुनाव मतदान अलग-अलग चरणों में होने के कारण परीक्षाओं को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। परीक्षाएं सरकारी कॉलेजों में आयोजित होती है, वहां चुनावी गतिविधियों के कारण परीक्षा करवाने में आयोग को दिक्कतें आ रही थी। परीक्षाएं 23 जून को होगी। वहीं जून आखिर में राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा 2023 भी होगी। परीक्षा की तारीख 30 जून रहेगी। वहीं जुलाई से दिसंबर के बीच 9 अन्य भर्ती परीक्षा भी रखी है। इसकी जानकारी आयोग ने पोर्टल पर दी है। इनका शेड्यूल पोर्टल पर आयोग ने अपलोड किया है।

# इंदौर से शारजाह-दुबई फ्लाइट्स का टाइमिंग बदला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एयरपोर्ट पर दुबई और शारजाह की फ्लाइट्स पर समर शेड्यूल लागू हो गया है। शेड्यूल के अनुसार इंदौर से दुबई और शारजाह जाने वाली उड़ानों के समय में बदलाव हुआ है। करीब 30 से 1 घंटे तक फ्लाइट्स लेट आएंगी, जाएंगी।**

ट्रेवल एजेंट्स के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा हर मंगलवार और रविवार को शारजाह-इंदौर-शारजाह फ्लाइट संचालित है। इसके अलावा गुरुवार को दुबई-इंदौर-दुबई के बीच उड़ान आती-जाती है। इंदौर से वापसी जाने वाली फ्लाइट दुबई और शारजाह में आधी रात को पहुंचाएगी। ऐसे में वहां होटल में महज 5 से 6 घंटे रुकने पर ही पूरे 24 घंटे का पैसा चुकाना पड़ेगा क्योंकि सुबह 10 बजे का चेकआउट रहता है।




### यात्रियों को समय बदलने से होगा यह नुकसान

नए शेड्यूल में पर्यटकों को असुविधा होगी। इंदौर से शारजाह उड़ान से जाने वाले पर्यटकों को अधिक परेशानी होगी। मध्यरात्रि के करीब उड़ान शारजाह पहुंचाएगी। विदेशों में होटल चेक इन दोपहर दो बजे से होता है। यात्री रात 2 बजे वहां पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से निकलकर होटल पहुंचते- पहुंचते रात की 3 बज जाएगी। होटल में सुबह 10 बजे चेक आउट टाइम होता है। इस तरह से कुछ घंटे सोने के लिए पूरे दिन का किराया यात्रियों को भरना पड़ेगा। दुबई में यही असर होगा।

### काशी फ्लाइट में पहले दिन 70 यात्रियों ने किया सफर

इंदौर से काशी (वाराणसी) के लिए भी एक दिन पहले रविवार को उड़ान शुरू हुई थी। इस उड़ान में पहले दिन 72 सीटर विमान में 70 यात्री रवाना हुए। यह उड़ान सुबह 8.25 बजे वाराणसी के लिए रवाना हुई। वापसी में यह उड़ान रात 10.15 बजे इंदौर आएगी। इसके शुरू होने से काशी विश्वनाथ के दर्शन करने वालों को सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त राजकोट के लिए उड़ान का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया है। सात महीने ही इस उड़ान का संचालन किया जा सका।

# आर्किटेक्ट को मैटेरियलिस्टिक चीजों और नेचर के बीच बनाना चाहिए बैलेंस

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स इंदौर सेंटर की ओर से नॉलेज शेयरिंग सेशन का हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के इंदौर सेंटर की ओर से नॉलेज शेयरिंग इवेंट आरकनेक्ट का आयोजन किया गया। इसमें इंडस्ट्री के जाने-माने आर्किटेक्ट हिरेन पटेल (अहमदाबाद ) ने सभी के साथ अपने 1989 से शुरू हुए सफर के एक्सपीरियंस को शेयर किया। हिरेन आर्किटेक्चर के साथ इंटीरियर डिजाइन और लैंडस्केप डिजाइन भी करते हैं। हिरेन ने कहा कि डिजाइनिंग फील्ड से जुड़े लोगों के लिए यह बेहद अच्छा समय है क्योंकि इंडिया इस समय तेजी से ग्रो कर रहा है। पैंडेमिक के बाद से लोगों में नेचर के प्रति झुकाव काफी बढ़ गया है। इस वजह से अब आर्किटेक्ट को मैटेरियलिस्टिक चीजों के साथ ही नेचर को महत्व देना चाहिए और उन्हें ऐसे घर डिजाइन करना चाहिए जिसमें प्राकृतिक वातावरण के लिए पर्याप्त जगह मौजूद हो। उन्होंने कहा कि घर का डिजाइन ऐसा होना चाहिए, जिसमें बिल्डिंग और नेचर के बीच में बैरियर नहीं बल्कि बैलेंस होना चाहिए।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के इंदौर सेंटर के चेयरमैन आर्किटेक्ट नितिन घुले ने कहा कि यह सेशन आर्किटेक्ट्स के लिए काफी ज्ञानवर्धक था। हमें काफी कुछ नया सीखने को मिला। ऑनररी सेक्रेटरी आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटक्के ने कहा कि इस सेशन में आर्किटेक्ट हिरेन पटेल ने हमें बेहद साधारण शब्दों में प्रेक्टिकल जानकारी दी, जिससे सभी को समझने में बेहद आसानी रही। ट्रेजरार आर्किटेक्ट अर्पित काबरा ने कहा कि आगे भी इंडस्ट्री के एक्सपर्ट के नॉलेज शेयरिंग सेशन का आयोजन किया जाता रहेगा।

**रीजनल आर्किटेक्ट को दें मॉर्डन टच-** आर्किटेक्ट हिरेन पटेल ने कहा ट्रैवलिंग बढ़ने और सोशल मीडिया के कारण क्लाइंट को दुनिया भर के लेटेस्ट ट्रेंड के बारे में पता है और वह किसी भी तरह से कॉम्प्रोमाइज करने के लिए तैयार नहीं है। वह इंटरनेशनल क्वालिटी का मॉर्डन काम डिमांड कर रहे हैं।



# एमजीएम कॉलेज के स्टूडेंट्स ने दिया धरना

### 40 छात्रों को प्रेक्टिकल में फेल करने पर दोबारा जांच की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमजीएम कॉलेज के स्टूडेंट ने सोमवार सुबह कॉलेज के मेन गेट पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। स्टूडेंट का कहना है कि एमबीबीएस फाइनल ईयर के करीब 40 स्टूडेंट्स को प्रेक्टिकल में फेल कर दिया गया है। इन स्टूडेंट्स को थ्योरी में अच्छे नंबर मिले थे।**

इन स्टूडेंट्स का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाए। कॉलेज प्रबंधन ने आश्वासन तो दे दिया लेकिन अब तक मामले की जांच शुरू नहीं की गई है। इसके चलते आक्रोश स्टूडेंट्स धरने पर बैठ गए। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि इसकी जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है।

# करोड़ों फालोअर्स वाले सोशल मीडिया एक मंच पर जुटे

## जनता से की मतदान की अपील



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में इंदौर शहर में अधिक से अधिक मतदान को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकतंत्र के रंग युनिटिंग वॉइस फॉर वोटर अवरनेस में स्वीप प्लान के संबंध में संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह व निगमायुक्त शिवम वर्मा की उपस्थिति में ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर अपर आयुक्त दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, समस्त अपर आयुक्त, बड़ी संख्या में कॉन्टेंट क्रिएटर्स, सोशल मिडिया इन्फलुएंसर्स, रेडियो जॉकी व अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर मतदान के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर शहर में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए स्वीप प्लान के तहत शहर के सोशल मीडिया हेंडलर, रेडियो जॉकी, इन्फुलेंसर के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉन्टेंट क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फलुएंसर्स, रेडियो जॉकी को अपने सोशल मिडिया पेज मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने एवं लोकसभा निर्वाचन के प्रमोशन के लिए रिल्स व शॉट वीडियो तैयार करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही अतिथियों समस्त कॉन्टेंट क्रिएटर्स, सोशल मिडिया इन्फलुएंसर्स, रेडियो जॉकी को टी शर्ट, केप व बेच लगाकर स्वीप ब्रांड एम्बेसेटर बनाया गया।

# इंदौर बिजली कंपनी ने वित्तीय वर्ष में एकत्र किया 11344 करोड़ का नकद राजस्व

## मार्च में कंपनी के खाते में आए 1258 करोड़ रूपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर को वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम माह मार्च में 1258 करोड़ रूपए राजस्व रूप में प्राप्त हुए हैं। इसी तरह पूरे वित्तीय वर्ष में कंपनी को कुल 11344 करोड़ रूपए नकद राजस्व संग्रहित करने में आशातीत सफलता प्राप्त हुई है।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि मार्च के लिए फरवरी में ही विधिवत रूप से योजना तैयार कर बकाया राशि एकत्र करने के लिए सभी 15 जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया था। एक मार्च से ही सभी जिलों में कार्य प्रारंभ किया गया था। कंपनी ने इसके लिए करीब सात सौ इंजीनियरों समेत 8 हजार कार्मिकों दायित्व सौपे थे। प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर सभी कर्मचारी, अधिकारी माहभर तक कार्य में जुटे रहे। श्री तोमर ने बताया कि इसी कारण मार्च में जहां 1258 करोड़ और वित्तीय वर्ष के अंत तक कुल 11344 करोड़ रूपए का नकद राजस्व प्राप्त हुआ है। श्री तोमर ने बताया कि मार्च में कंपनी को 26 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं से बिल राशि प्राप्त हुई है, जो अब तक सर्वाधिक भी हैं। श्री तोमर ने बिजली कंपनी के कार्मिकों के अलावा उपभोक्ताओं, मालवा निमाड़ के कमिश्नरों, कलेक्टर, सीईओ, जिला विभाग प्रमुखों का भी आभार माना है, जिन्होंने शासकीय देयकों का भुगतान करने में अपना सहयोग प्रदान किया।

# भक्तिभाव के साथ निकली सांई प्रभातफेरी

## भक्तों ने की सांई बाबा की महाआरती, शोभायात्रा का दिया निमंत्रण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्री देवी अहिल्या सांई सोशल भक्त समिति ने सोमवार को सांई बाबा की प्रभातफेरी तिलक नगर स्थित विनोबा नगर से निकाली। इसमें भक्तों ने 17 अप्रैल, रामनवमी पर्व पर छोटा गणपति मंदिर मल्हारगंज से निकलने वाली सांई बाबा की शोभायात्रा का निमंत्रण लोगों को दिया।**

आयोजक संतोष नरवरिया, राकेश कैथवास, कैलाश यादव एवं समिति अध्यक्ष भोलासिंह ठाकुर ने बताया कि प्रभातफेरी की शुरूआत विद्वान पंड़ितों के सानिध्य में महाआरती से की गई। पालकी को फूलों से सजाया। भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। भक्तों ने जगह-जगह पालकी की अगवानी की। घरों के बाहर रंगोली व दीप रोशन किए। प्रभातफेरी में भूपेंद्र चौपड़ा, रजनीकांत जोशी, कैलाश गुप्ता, अजय बियाणी, सुनील गुप्ता, संजय दुबे, रजनीकांत जोशी, घनश्याम यादव, दौलत मोटवानी, हरीश चौपड़ा, मनीष जिंदल सहित कई भक्त थे। मंगलवार, 2 अप्रैल को सुबह 5.30 बजे बाबा की प्रभातफेरी पवन पुत्र नगर रीजनल पार्क से निकाली जाएगी।

# खनिज विभाग ने लक्ष्य से अधिक की राजस्व की वसूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिज विभाग द्वारा लक्ष्य से अधिक राजस्व की वसूली की गई है। कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में खनिज प्रशासन की टीम द्वारा 23.84 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त कर लक्ष्य से अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। उप संचालक खनिज धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य शासन द्वारा इंदौर जिले के लिए 23 करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में खनिज प्रशासन द्वारा 23.84 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया, जो कि दिये गये राजस्व लक्ष्य से अधिक है। इसी प्रकार खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन में भी इंदौर जिले में अब तक के सबसे ज्यादा प्रकरण दर्ज किए गये हैं। उत्खनन के 22 प्रकरण दर्ज कर कुल 192 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई है। साथ ही अवैध परिवहन में कुल 140 प्रकरण दर्ज कर कुल 2.79 करोड़ रूपये की राशि वसूल की गई है। यह अब तक की इंदौर जिले की सबसे ज्यादा पेनल्टी है।




# मतदाता साक्षरता क्लब का गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले में मतदाताओं विशेषकर युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में इंदौर जिले के सभी महाविद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया जा रहा है। जिले के अधिकांश महाविद्यालयों में इस तरह के क्लब गठित हो चुके है। इससे बड़ी संख्या में युवा जुड़ गये है। क्लब के सदस्य महाविद्यालयीन युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेंगें। ऐसा ही एक क्लब पिछले दिनों देपालपुर के शासकीय भागीरथ सिलावट महाविद्यालय में भी गठित किया गया।

# इंदौर में स्वस्थ भारत अभियान में ओपीडी का शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, संस्कार सृष्टि सेवा संस्था एवं बालाजी सेवा संस्थान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में शहर के पूर्वी क्षेत्र स्थित मानवता नगर के खेल मैदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित स्वस्थ भारत अभियान के तहत सेवालय ओपीडी का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से समन्वयक डॉ. राकेश गौड़ ने सेवालय केंद्र से जुड़ी विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह ओपीडी 1 अप्रैल से रोजाना शाम 6 से 8 बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी और यहां जनरल फिजीशियन, दंत रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। जरूरत होने पर पैथोलाजिकल जांच, एक्स-रे, सोनोग्राफी, दवाइयां आदि भी रियायती दरें पर उपलब्ध कराई जाएगी। महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने स्वस्थ भारत अभियान के तहत इस स्थान का चयन किया है। शुरू में संस्कार सृष्टि सेवा संस्था के अध्यक्ष मुकेश पटेल एवं सचिव नारायण श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं फाग महोत्सव का शुभारंभ किया, इसमें गुलाब की दो क्विंटल पंखुड़ियों से होली खेली गई।

# आज से पं. कमलकिशोर नागर की भागवत कथा



**इंदौर। गोम्मटगिरी जम्बुडी हप्सी स्थित गोवर्धन गोशाला की कदम वाटिका में 2 से 8 अप्रैल तक सात दिवसीय भागवत कथा आयोजित की जा रही है। इसमें मालवा-निमाड़ के श्रद्धालुओं के साथ ही गो भक्त भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।**

श्रीमद् भागवत कथा आयोजक परमानंद गेहलोत, मुकेश गेहलोत एवं जयेश गेहलोत ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में मालवा माटी के संत पं. कमल किशोर नागर अपनी मालवी भाषा शैली में भक्तों को कथा का रसपान कराऐंगे। गोम्मटगिरी गोवर्धन गोशाला में आयोजित होने वाली भागवत कथा दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा के पूर्व भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा भी कथा स्थल से निकलेंगी। इसमें हजारों मातृशक्तियां अपने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल होंगी। श्रीमद् भागवत कथा गोवंधन गोशाला समिति के सरदार सिंह सोलंकी, विनोद सोलंकी एवं संतोष नीमचा ने बताया कि भागवत कथा के लिए तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। सभी गो भक्तों को कथा की जिम्मेदारियां भी सौंपी गई है। कथा स्थल पर जल समिति, खोया-पाया केंद्र, पूछताछ, व्यवस्था समिति केंद्र भी बनाए गए है। भागवत कथा का श्रवण करने मालवा और निमाड़ के कई भक्तों के साथ ही गोसेवक भक्त भी शामिल होंगे।

# भाई-बहन की अर्थी उठी तो गांव में नहीं जले चूल्हे

## नानी को छोडने जा रहे थे, ट्रक की चपेट में आने से तीनों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। मां, नानी को छोडकर 10 मिनट में वापस आता हूं। साथ में अंजलि भी जा रही है, वो मौसी से मिल लेगी। ये कहकर बेटा घर से निकला। इसके बाद मां, बेटा और बेटी की राह देखती रह गई। गांव के एक लडक़े ने उनकी मौत की खबर दी। घटना ग्वालियर की है।**

नाती-नातिन और नानी की मौत की खबर से बिजौली स्थित चक केशवपुर गांव में मातम पसर गया। हर तरफ खामोशी छा गई थी। असल में 19 वर्षीय शुभम कुशवाह अपनी बड़ी बहन अंजलि (22), नानी द्रोपती (60) को लेकर हुरावली मौसी के घर जा रहा था। एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उन्हें रौंद दिया।

पुलिस की निगरानी में रविवार रात 10 बजे चक केशवपुर गांव से भाई-बहन की अर्थियां एक साथ उठीं। किसी ने सोचा भी नहीं था कि सुबह जिनको घर में हंसते-खेलते देखा था वो रात आते-आते हमेशा के लिए खामोश हो जाएंगे। उनकी अंतिम यात्रा में पूरा गांव उमड़ पड़ा था। माहौल इतना गमगीन हो गया था। गांव में शाम को चूल्हा तक नहीं जला है। हर कोई सिर्फ हादसे के बारे में ही बात कर रहा था।

### बेटा-बेटी की मौत की खबर से मां हुई बेसुध

घटना की सूचना जब शुभम, अंजलि की मां गिरिजा कुशवाह को मिली तो वह बेसुध हो गईं। तत्काल मामले की सूचना शुभम के ताऊ हरेन्द्र कुशवाह को दी। वे घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर थे। वह सीधे स्पॉट पर पहुंचे, लेकिन तब तक सबकुछ खत्म हो चुका था। जब हरेन्द्र ने सुना कि अंजलि और उसकी नानी मौके पर ही खत्म हो गई हैं, शुभम को हॉस्पिटल भेजा गया है। इस पर वह अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया।

**तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद का कटनी लिंक**

# ईडी ने 29.45 करोड़ के फ्लैट, जमीन की अटैच, टीएमसी के 10.29 करोड़ भी फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य रहे कंवर दीप सिंह का एमपी के कटनी से करप्शन का लिंक निकला है। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली की टीम ने इस नेता और कारोबारी की एमपी और हिमाचल प्रदेश में मौजूद 29.45 करोड़ की चल अचल संपत्ति जब्त कर ली है। कंवर दीप सिंह द्वारा बेनामी प्रापर्टी खरीदी करने के साथ मोटी ब्याज पर पैसा, घर बनाने का सब्जबाग दिखाकर रुपए जमा कराए जा रहे थे लेकिन बाद में कंपनी इससे मुकर गई है।

प्रवर्तन निदेशालय ने मध्यप्रदेश के कटनी के एक कारोबारी की 29.45 करोड़ की चल और अचल संपत्ति अटैच कर ली है। मनी लांड्रिंग के मामले में यह कार्रवाई एल्केमिस्ट ग्रुप कंपनीज के खिलाफ की गई जांच के बाद की गई है। अटैच की गई प्रापर्टीज में एक एयरक्राफ्ट बीच किंग एयर सी 90 ए भी शामिल है। इसके साथ ही फ्लैट और शिमला में मौजूद जमीन भी अटैच की गई है। हिमाचल प्रदेश के शिमला के अलावा इस कंपनी की सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) और कटनी (मध्य प्रदेश) में मौजूद संपत्ति अटैच की गई है। एल्केमिस्ट ग्रुप एआईटीसी (आल




इंडिया तृणमूल कांग्रेस) से जुड़े कंवर दीप सिंह पूर्व राज्यसभा सदस्य का है।

### हिमाचल प्रदेश में करोड़ों की संपत्ति

विवेचना के दौरान ईडी के जानकारी में यह बात सामने आई थी कि कुल 18 फ्लैट एल्केमिस्ट रियलिटी लिमिटेड द्वारा पाश्र्वनाथ रायल प्रोजेक्ट से खरीदे गए थे। यह पाश्र्वनाथ रायल प्रोजेक्ट पंचकुला, हरियाणा में काम करता है। यह जमीन 250 बीघा है जिसमें से 78 बीघा किओंथल में है। यह पूरी जमीन हिमाचल प्रदेश के शिमला रूरल डिस्ट्रिक्ट और सिरमौर डिस्ट्रिक्ट में है।

### 1800 करोड़ रुपए जमा कराए थे

बताया जाता है कि ईडी ने यह कार्यवाही सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की है। यह एफआईआर लखनऊ और कोलकाता पुलिस और यूपी पुलिस द्वारा मल्टीपल इंडिविजुअल्स एंड ग्रुप आफ एल्केमिस्ट ग्रुप के विरुद्ध की गई थी। ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि एल्केमिस्ट ग्रुप द्वारा 1800 करोड़ रुपए इन्वेस्टर्स और गवाहों से अपनी कम्पनी के नाम पर लिए गए। यह राशि मेसर्स एल्केमिस्ट होल्डिंग लिमिटेड और एल्केमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड के नाम पर जमा कराई गई। निवेशकों को इस कंपनी द्वारा झूठे वादे कर पैसा जमा कराया गया था जिसमें कहा गया था कि निवेश करने पर कंपनी हाई रिटर्न्स देने के साथ फ्लैट, विला, प्लाट्स और अधिकतम ब्याज दर पर पैसा लौटाएगी। इसके लिए लोगों से, निवेशकों से और गवाहों से राशि जमा कराई गई थी। इसके बाद लोगों के पैसे नहीं लौटाए गए और न ही फ्लैट, विला, प्लाट्स दिए गए।

### दूसरी कंपनियों में लगा पब्लिक का पैसा, बेनामी प्रापर्टी खरीदी

निवेशकों और जनता से लिया गया पैसा ग्रुप की दूसरी कंपनियों में लगा दिया गया। जांच में यह बात भी सामने आई है कि इस कंपनी द्वारा बेनामी प्रापर्टी की खरीदी की गई और इसके सहारे सारे खेल किए जाते रहे। ईडी ने इसी मामले में आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के खाते से भी 10.29 करोड़ रुपए अटैच किए गए हैं। यह कार्रवाई इसलिए की गई है क्योंक एल्केमिस्ट ग्रुप तृणमूल कांग्रेस के एविएशन के मामले में अपराध के लिए जिम्मेदार पाया गया है।

**प्रदेश में गर्मी का असर**

# दमोह में पारा 39 डिग्री पार, पचमढ़ी में सबसे कम 31.6 डिग्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । अप्रैल के पहले दिन भी मध्यप्रदेश में गर्मी का असर देखने को मिला। दमोह में पारा सबसे अधिक 39.5 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं, मंडला, खंडवा, रीवा और खरगोन में टेम्प्रेचर 39 डिग्री के पार ही रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 31.6 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.5 डिग्री, इंदौर में 35.9 डिग्री, ग्वालियर में 36.8 डिग्री, जबलपुर में 37.5 डिग्री और उज्जैन में टेम्प्रेचर 35.8 डिग्री रहा।**



मौसम विभाग के अनुसार- 2 अप्रैल की रात और 5 अप्रैल को उत्तर भारत में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इसके दो से 3 दिन बाद मध्यप्रदेश में इनका मामूली असर हो सकता है। कुछ जिलों में बादल छा सकते हैं। इसके बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। दिन के साथ रातें भी गर्म रहेंगी।

### हीट वेव का असर भी रहेगा

वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि अब प्रदेश के कई जिलों में हीट वेव का असर भी रहेगा। वहीं, गुना, शिवपुरी, छतरपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर, जबलपुर, मंडला और बालाघाट में हीट वेव, यानी गर्म हवाएं भी चलेंगी।

# बेटी की गुमशुदगी से आहत पिता ने लगाई फांसी

## रतलाम में साढ़े सात घंटे फंदे से नहीं उतारने दिया शव चौकी प्रभारी निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम जिले में एक शख्स ने बेटी के लापता होने के बाद फांसी लगा ली। उसकी लाश पेड़ पर लटकी मिली। परिजन ने शव साढ़े सात घंटे तक फंदे से उतारने नहीं दिया। पुलिस की काफी समझाइश के बाद रात 12.10 बजे शव नीचे उतारा गया। घटना कालूखेड़ा थाना की मावता पुलिस चौकी के रानीगांव की है। एसपी राहुल लोढ़ा ने सोमवार दोपहर में चौकी प्रभारी प्रताप सिंह भदौरिया को निलंबित कर दिया।**

जानकारी के मुताबिक रामगोपाल (40) पिता गंगाराम सांसरी ने पेड़ से फंदा बांधकर आत्महत्या कर ली। रामगोपाल के परिजन का आरोप है कि 6 मार्च को उसकी नाबालिग बेटी लापता हो गई थी। 8 मार्च को इसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने संदिग्धों की तलाश नहीं की। रामगोपाल ने पुलिस के इस रवैए से आहत होकर सुसाइड कर लिया। परिजन का कहना था कि बेटी और उसे ले जाने वालों को ढूंढकर लाओ, तभी शव उतारने देंगे।

पुलिस ने परिजन और समाज के लोगों को काफी समझाइश दी, तब शव फंदे से उतारा



गया। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जावरा के अस्पताल ले गई। एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि सारे तथ्यों की जांच की जा रही है। उसी के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रविवार शाम 4.30 बजे मिली जानकारी

घटना की जानकारी पुलिस को रविवार शाम करीब 4.30 बजे मिली। जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो, कालूखेड़ा थाना प्रभारी संतोष चौरसिया, मावता चौकी प्रभारी प्रतापसिंह भदौरिया मौके पर पहुंचे। परिजन व समाज के लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस रात में ही बेटी को ले जाने वाले लोगों की तलाश में जुट गई। बताया जाता है कि बेटी समाज के ही लोगों के साथ गई है।

### सीएसपी बोले- समाज के लोगों के साथ गई नाबालिग

जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो ने बताया युवक के सुसाइड करने का कारण अभी अज्ञात है। 8 मार्च को मावता चौकी में नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज है। नाबालिग करीब 15 से 16 वर्ष की है। रामगोपाल की मां, भाई सहित परिजन? लडक़ी को ले जाने वाले संदेही को पकडक़र लाने की मांग कर रहे थे। परिजन का कहना था कि संदेही पक्ष के कुछ लोग रामगोपाल को परेशान कर रहे थे। रात में 2 लोगों को अभिरक्षा में लिया है। उनसे पूछताछ कर रहे हैं। सीएसपी आर्मो का कहना है कि बेटी के राजस्थान के अरनोद के गोठड़ी में समाज के लोगों के साथ ही जाना बताया गया है। मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आती है तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सारे तथ्यों को जांचा जा रहा है।

**मऊगंज के पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने जॉइन की कांग्रेस:कहा-**

# मैं अपने घर लौट रहा हूं, आज कांग्रेस को मजबूत करने की जरूरत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के बीच दल बदल का दौर जारी है। कांग्रेस के कई सीनियर लीडर्स से लेकर बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता बीजेपी जॉइन कर रहे हैं। इसके विपरीत रीवा के मऊगंज से पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने कांग्रेस जॉइन कर ली।

वे पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की बनाई पार्टी भारतीय जनशक्ति पार्टी (भाजश) से विधायक रह चुके हैं। रविवार को उन्होंने भोपाल में जीतू पटवारी से मुलाकात की थी। सोमवार को उन्होंने पार्टी की सदस्यता ले ली।

इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मैं अपने पुराने घर में लौट रहा हूं। जब आर्मी से लौट कर आया था तब कांग्रेस में ही था। 4-5 महीने बाद उमा भारती जी ने अनुरोध किया था, रोया गाया था तो मैं उनके साथ था।

### अपने स्वभाव के अनुरूप कांग्रेस में गया हूं

उनसे पूछा गया कि लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं, और आपने कांग्रेस जॉइन की है। उन्होंने कहा- जो धारा में बह जाते हैं, वे बहते रहते हैं। जो धारा के विपरीत बहते हैं, उसकी गरिमा होती है। लक्ष्मण तिवारी अपने स्वभाव के अनुरुप कांग्रेस में गया है। आज कांग्रेस को मजबूत करने की जरूरत है। कांग्रेस अपने आप मजबूत है। बूंद-बूंद पानी से सागर भरता है। मैं एक बूंद हूं।

इस बार भी पीएम मोदी जी भी बन गए तो 5 साल में क्या-क्या गुल खिलेगा उसकी कल्पना नहीं है।

Uttarpradesh

# चित्रकूट में भीषण सड़क हादसा, डंपर ने ऑटो ई-रिक्शा को मारी टक्कर, पांच लोगों की मौत...तीन गंभीर घायल

**चित्रकूट, (एजेंसी) चित्रकूट जिले में तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र के कपसेठी-अमानपुर नेशनल हाईवे पर हादसा हुआ है।**

यहां कर्वी स्टेशन की तरफ से रामघाट जा रही सवारियों से भरी सीएनजी ऑटो-रिक्शा की बेड़ी पुलिया की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर की जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें ऑटो सवार युवती समेत पांच लोगों की



मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेज दिया है और उनकी शिनाख्त करने में जुट गई है। इसमें पुलिस ने अभी तक तीन लोगों की शिनाख्त कर ली है।

इनमें कन्नौज निवासी अखिलेश व अनिरुद्ध और हमीरपुर निवासी निधि शामिल हैं। फिलहाल, अभी दो और मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई। बताया जा रहा है कि मृतक चित्रकूट दर्शन करने के लिए आए थे, जो हादसे का शिकार हो गए है। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की है।

Chhattisgarh

छत्तीसगढ़ में बड़ा एनकाउंटर

## 4 नक्सली हो चुके ढेर



**बीजापुर, (एजेंसी) माओवादियों के खिलाफ बस्तर संभाग के सातों जिलों में सुरक्षाबलों ने बड़ा ऑपरेशन लॉन्च कर दिया है। इसे नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की रूप में देखा जा रहा है। बीजापुर के गंगालूर इलाके में डीआरजी बस्तर फाईटर्स कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ का साझा ऑपरेशन चल रहा है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। दोनों तरफ से अब भी गोलीबारी चल रही है और संख्या बढ़ सकती है।**

मुठभेड़ की पुष्टि बीजापुर एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने की। सूत्रों से जो खबरें मिल रही हैं उसके मुताबबिक मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर हो चुके हैं और संख्या बढ़ सकती है। कई ऑटोमैटिक हथियारों भी बरामद किए जाने की खबर है। लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद से बीजापुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ कई ऑपरेशन हुए हैं जिनमें अब तक 9 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। हालही में बीजापुर जिले में 6 नक्सली भी मारे गए थे।

Rajasthan

## राजस्थान में कुत्तों के खिलाफ दर्ज कराई FIR, पोस्टर फाड़ने और सुरक्षा गार्ड को काट खाने का लगाया आरोप

**बालोतरा, (एजेंसी)** राजस्थान से अजीबोगरीब मामला सामने आया हैं. आवारा कुत्तों के खिलाफ एक कंपनी ने एफआईआर दर्ज कराई है. शिकायत में कहा गया गया है कि कुत्तों ने कंपनी के पोस्टर



और बैनर फाड़ दिए हैं. साथ ही भौंकते हुए सुरक्षा गार्ड को काट खाने की धमकी भी दी है. इस शिकायत से पुलिस भी हैरान है. घटना बालोतरा जिले के पचपदरा थाना इलाके की है. जानकारी के मुताबिक, बालोतरा जिले के मंडपुरा गांव में एक फ्लैट कंस्ट्रक्शन कंपनी काम कर रही है. आरोप है कि कंस्ट्रक्शन वाली जगह के बाहर लगे पोस्टर और बैनर को कुत्तों ने फाड़ दिया. कंपनी के प्रतिनिधि ने इस मामले में पचपदरा थाने कुत्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. शिकायत में कुत्तों पर सुरक्षा गार्ड को काट खाने की धमकियां देने जैसे आरोप भी लगाए हैं.

Jharkhand

## सुपारी देकर कराई थी पत्नी की हत्या कारोबारी पति समेत तीन गिरफ्तार

**सरायकेला, (एजेंसी) झारखंड के सरायकेल में कारोबारी की पत्नी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ज्योति अग्रवाल की हत्या की साजिश उसके पति रवि अग्रवाल ने ही रची थी. ज्योति अग्रवाल के पिता प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने दामाद रवि अग्रवाल के खिलाफ षडयंत्र के तहत बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया था.**

जिला के चांडिल थाना क्षेत्र में 29 मार्च रात 10 बजे अज्ञात बदमाशों ने ज्योति अग्रवाल की गोली मारकर हत्या की थी. घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस ने एक टीम का गठन किया था. सभी सबूतों की गहनता से जांच की गई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद रहता था. जिसके चलते रवि अग्रवाल ने बदमाशों को सुपारी देकर पत्नी की हत्या करवाई.

पुलिस ने बताया कि 29 मार्च को प्लान के तहत रवि अपनी पत्नी ज्योति और बच्चों को लेकर खाना खिलाने बहार लेकर गए. इस दौरान उन्होंने बहाने से NH-33 पर उल्टी का बहाना बनाया और को खड़ कर बहान निकल गए. पहले ही घात लगाए मुकेश मिश्रा अपने तीन साथियों के साथ मौके पर पहुंची और ज्योति पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए.

खेल

राजस्थान ने लगाई जीत की हैट्रिक, रियान पराग चमके

# हार्दिक की कप्तानी में मुंबई की लगातार तीसरी हार

**मुंबई।** संजू सैमसन की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स (RR) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 सीजन में धूम मचा दी है. इस टीम ने सोमवार (1 अप्रैल) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में धांसू अंदाज में जीत दर्ज की. राजस्थान ने मुंबई इंडियंस (MI) को उसके घर में 6 विकेट से करारी शिकस्त दी.

यह इस सीजन में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस की लगातार तीसरी हार है. जबकि राजस्थान टीम जीत की हैट्रिक लगाकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है. इस सीजन में मुंबई एक भी मैच नहीं जीती है, जबकि राजस्थान कोई मैच नहीं हारी.

### फिर रियान पराग ने खेली राजस्थान के लिए धांसू पारी

मुंबई में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की टीम ने 126 रनों का छोटा टारगेट सेट किया था. इसे राजस्थान टीम ने 4 विकेट गंवाकर 15.3 ओवरों में ही हासिल कर लिया. टीम के



लिए रियान पराग ने सबसे ज्यादा 39 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की पारी खेली. जबकि मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने 3 और क्वेना मफाका ने 1 विकेट लिया.

### बोल्ट और चहल ने मुंबई की टीम को समेटा

मगर राजस्थान के लिए इस मुकाबले में असली हीरो तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल रहे हैं. दोनों ने 3-3 विकेट लेकर मुंबई की टीम को 125 रनों पर रोक दिया था. मैच में मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही थी. टीम ने 20 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे, इसमें तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने 3 और नांद्रे बर्गर ने 1 विकेट लिया. इसके बाद कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और तिलक वर्मा ने 32 रन बनाकर पारी को संभाला. आखिर में टिम डेविड ने 17 रन बनाकर मुंबई को 9 विकेट पर 125 रनों तक पहुंचाया. ट्रेंट बोल्ट के बाद चहल ने कमान संभाली और 3 विकेट लेकर मुंबई के मिडिल ऑर्डर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया. नांद्रे बर्गर ने 2 और आवेश खान ने 1 विकेट लिया.

सिनेमा

साभार लाइव हिन्दुस्तान

## अर्जुन कपूर के साथ सोलो हीरो फिल्म बना रहे बोनी कपूर, कहा- मेरा बेटा कभी मेरे पास नहीं आया



बोनी कपूर के 4 बच्चे हैं अर्जुन कपूर, अंशुला, जाह्नवी और खुशी कपूर। इनमें से बोनी, जाह्नवी और खुशी फिल्मों में काम कर रहे हैं। हालांकि बोनी ने अपने किसी भी बच्चे को खुद लॉन्च नहीं किया है। तीनों ने अलग-अलग प्रोडक्शन हाउस के साथ काम किया है। बोनी जो कि खुद प्रोड्यूसर हैं उन्होंने कभी किसी को लॉन्च नहीं किया। अब बोनी ने हाल ही में बताया कि उनके बच्चों ने कभी उनसे खुद आकर नहीं कहा कि उन्हें लॉन्च करो। अब बोनी, अर्जुन के साथ फिल्म नो एंट्री 2 में काम करने वाले हैं और इसके अलावा खबर आ रही है कि वह उनके साथ एक और फिल्म में काम कर रहे हैं। न्यूज 18 से बात करते हुए बोनी ने कहा, 'मैं अर्जुन के साथ और भी फिल्में करने वाला हूं। नो एंट्री 2 और एक सोलो हीरो फिल्म। मुझे फिल्म का सब्जेक्ट काफी पसंद है और मैंने उन्हें नरेट किया और उन्हें भी अच्छा लगा। हम उस फिल्म में भी काम करेंगे।' वैसे बता दें कि इससे पहले अर्जुन की फिल्म तेवर और जाह्नवी की फिल्म मिली को बोनी ने प्रोड्यूस किया था। वहीं अर्जुन को लेकर बोनी ने कहा, 'अर्जुन ने कभी मुझसे काम नहीं मांगा है। उन्हें पता होता था मेरे पास कौनसी स्क्रिप्ट्स है जिनपर मैं काम कर रहा हूं। उन्हें पता था कि जो मेरा है वो उनका भी है।

## संपादकीय

# दिन पर दिन कठिन होती प्रतियोगिता

युवाओं में विफलता के भय, आत्मविश्वास की कमी आदि को लेकर बहुत बातें होती रही हैं। इसमें अभिभावकों की महत्त्वाकांक्षा और सफलता के सपने वगैरह को लेकर भी अनेक मनोसामाजिक विश्लेषण हो चुके हैं। मगर फिर भी इस समस्या से पार पाने का कोई व्यावहारिक रास्ता नहीं निकल पा रहा है, तो यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर कमी कहां है। यह ठीक है कि जनसंख्या अधिक और अवसर कम होने के कारण प्रतियोगिता दिन पर दिन कठिन होती जा रही है, मगर शिक्षा का ऐसा तरीका क्यों नहीं विकसित किया जा सका है, जो विद्यार्थियों को सहज और सामान्य ढंग से पढ़ाई का वातावरण दे सके। दरअसल तमाम कोशिशों के बावजूद अगर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की खुदकुशी का सिलसिला रुक नहीं पा रहा, तो इस पर समन्वित रूप से विचार-विमर्श की जरूरत है। ऐसी ज्यादातर घटनाएं राजस्थान के कोटा शहर से ही दर्ज होती हैं। दो दिन पहले राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट की तैयारी कर रही एक उन्नीस साल की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। उससे एक दिन पहले एक अन्य छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। पिछले तीन महीने में इस तरह सात विद्यार्थी अपनी जान गंवा चुके हैं। आत्महत्या के बढ़ते मामलों के मद्देनजर पिछले वर्ष राज्य सरकार ने कोटा में चल रहे कोचिंग संस्थानों को निर्देश दिया था कि वे साप्ताहिक परीक्षाणों में कड़ाई न करें। पिछले वर्ष कोटा में छब्बीस छात्रों ने खुदकुशी कर ली थी। इन तमाम मामलों के अध्ययन से जाहिर है कि विद्यार्थी पढ़ाई के दबाव और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरे न उतर पाने के भय से फंदे पर लटक जाते हैं। कोचिंग देने वाले संस्थानों के पढ़ाने-लिखाने के तरीके से भी उनमें मनोचाप पैदा होता है। इसमें जितने जिम्मेदार अभिभावक हैं, उससे कम उन कोचिंग संस्थानों को नहीं माना जाना चाहिए। फिर, कोटा में ही ऐसी मौतें सबसे ज्यादा क्यों हो रही हैं, इसका भी पता लगाया जाना और उन वजहों को खत्म करने का प्रयास होना चाहिए। ऐसी शिक्षा का भला क्या मोल, जो विद्यार्थी को आत्मविश्वास से भरने के बजाय उसे आत्महंता बनाए।

**अर्ज किया है..!**

*वो अक्स बन के मिरी*
*चश्म-ए-तर में रहता है*
*अजीब शख़्स है*
*पानी के घर में रहता है*

*- बिस्मिल साबरी*




**मैं सुधारने नहीं आपका हाथ पकड़ने आया हूं...**
**मेरा मिशन सुधारना नहीं हैं, मेरा काम हैं आपको स्वीकारना...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth

# हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने के लिए रोजाना करें ये 3 योगासन, ये है करने का सही तरीका

*हाई बीपी कंट्रोल रखने में मदद करते हैं ये 3 योगासन*



बढ़ते तनाव और खानपान की खराब आदतों की वजह से आजकल हाई ब्लड प्रेशर की समस्या लोगों के बीच आम समस्या बन गई है। दरअसल, उच्च रक्तचाप तब होता है जब व्यक्ति की धमनी की दीवारों पर रक्त का दबाव लगातार बहुत अधिक होता है। हाई ब्लड प्रेशर की वजह से व्यक्ति के दिल को पूरे शरीर में खून पहुंचाने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। ज्यादा लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहने से हार्ट फेल होने और धमनी में रुकावट आने की समस्या बढ़ सकती है। अगर आपका भी बीपी हाई रहता है तो उसे कंट्रोल में रखने के लिए अपने रूटिन में इन 3 योगासनों को जरूर शामिल करें।

### वीरासन

वीरासन करने से बीपी के साथ नर्वस सिस्टम भी सही बना रहता है। जिसकी मदद से व्यक्ति को तनाव काफी कम महसूस होता है। वीरासन करने के लिए सबसे पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठकर अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखते हुए अपने हिप्स को एड़ियों के बीच में रखें और घुटनों के बीच की दूरी को कम करें। ऐसा करते हुए नाभि को अंदर की ओर खीचें। कुछ समय तक इसी पोजीशन में बने रहें। 30 सेकंड बाद आराम करें।

### शवासन

शवासन करने से भी हाई बीपी कंट्रोल में रहता है, जिससे व्यक्ति के शरीर को आराम मिलता है। शवासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल लेटकर अपनी आंखें बंद करते हुए अपने पैरों को फैला लें। ऐसा करते हुए अपने पैरों को आराम देने की कोशिश करें। अब अपने दोनों हाथों को शरीर के दोनों साइड बिना टच करें रखें और हथेलियों को धीरे धीरे फैलाते हुए पूरे शरीर को आराम दें। अब गहरी और धीमी सांस 30 सेकंड तक लेते हुए फिर आराम करें।

### बालासन

बालासन भी एक अच्छा आसान है। इस आसन का अभ्यास करने से शरीर रिलैक्स होने के साथ हिप्स और रीढ़ की हड्डियों को भी फायदा मिलता है। बालासन करने के लिए वज्रासन में बैठकर धीरे-धीरे सांस लें और हाथों को सिर के ऊपर ले जाते हुए धीरे-धीरे सांस छोड़े और आगे की तरफ झुकें और ऐसा करते हुए अपने माथे को जमीन पर टिका लें। अपनी सांसों पर ध्यान देते हुए 30 सेकेंड तक इसी अवस्था में बने रहें और फिर शरीर को आराम दें।

## Highlights

1. **PM Narendra Modi addressed RBI's 90th anniversary**
2. **Ramdev appears in Supreme Court over Patanjali misleading ads case**
3. **JP Nadda meets RLJP chief Pashupati Kumar Paras in Delhi**
4. **Centre seeks report from Vistara over cancellation, flight delays**
5. **Aviation ministry seeks detailed report from Vistara**

# Aditya Birla Fashion share price today jumps 15%. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** Aditya Birla Fashion share price: Aditya Birla Fashion and Retail (ABFRL) share price rose 15 per cent today (April 2) after the company's board authorised the management to evaluate demerger of Madura Fashion & Lifestyle business from ABFRL into a separate listed company. Aditya Birla Fashion & Retail traded at ₹237.70, up 12.28 percent on the BSE, today and touched an intraday high of ₹243.45 and an intraday low of ₹229.70.

Aditya Birla Fashion share price: Why are the shares rising?

It was earlier reported that around 1.34 crore shares of Aditya Birla Fashion & Retail (1.41 percent equity) worth ₹322.5 crore changed hands at an average ₹243 per share. The company said that through the proposed demerger it will create two separately listed companies.

Following approvals, the demerger will be implemented through an




NCLT scheme of arrangement. All shareholders of ABFRL will have identical shareholding in the newly formed entity, the company said.

ABFRL will also raise growth capital within 12 months to infuse strength into its balance sheet, it said.

"The entity will have a strong balance sheet to power its future growth aspirations. Post necessary approvals, the demerger will be implemented through an NCLT scheme of the arrangement, and all shareholders of ABFRL will have an identical shareholding in the newly formed entity," ABFRL announced.

What will be Aditya Birla Fashion and Retail's portfolio after demerger?

Post-demerger, the portfolio of ABFRL would consist of value and masstige fashion retail play under Pantaloons and Style Up, ethnic wear, luxury and luxury platform of The Collective, Galleries Lafayette, and select luxury brands and TMRW.

# Sensex 150 points lower, Nifty below 22,450: Will downward trend continue? What to expect next?

**NEW DEIHI, (Agency).** Stock market today: Indian equity indices opened marginally lower today (April 2) after hitting a fresh record high in the previous session on April 1. The downward trend came amid declines in IT and financial stocks as BSE Sensex traded 166 points or 0.22% lower at 73,848 while Nifty50 was at 22,432, down 30 points or 0.13%. Nifty Smallcap100 rose by 0.5%, while Nifty Midcap100 surged by 0.34%.

Which stocks gained in early trade?

IndusInd Bank, Tata Motors, Titan, and Reliance Industries opened with gains. Adani Ports rose 3.5% while Aditya Birla Fashion and Retail shares traded 15% higher after the company said that it



was planning to demerge Madura Fashion & Lifestyle into a separate listed entity.

Which stocks opened with cuts in early trade?

ICICI Bank, JSW Steel, Bajaj Finance, Wipro, and TCS opened with cuts in early trade.

Which sectors opened with gains and which lost in early trade?

Nifty IT declined by 0.5%, and Nifty Healthcare dropped by 0.36% while Nifty Auto, Media, Metal, PSU Bank, Realty, Consumer Durables, and Oil & Gas opened with gains.

Stock market today: What about global markets?

Asian markets opened higher as MSCI Asia ex-Japan index added 0.69% while Wall Street equities closed mixed overnight.

What about oil prices today?

Oil prices gained in early Asian trading as Brent futures for June delivery rose 37 cents to $87.79 a barrel and May contract for US West Texas Intermediate (WTI) crude futures rose 32 cents to $84.03 a barrel.

# पुलिस गिरफ्त से दूर है डकैती का आरोपी सोमला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। शहर में चर्चित लंदन विलाज टाउनशिप डकैती मामले का मुख्य आरोपित सोमला करीब 25 दिनों से फरार है। इंदौर पुलिस की एक टीम आलीराजपुर पुलिस के साथ मिलकर उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा है। घर पर उसके पत्नी और बच्चे भी नहीं है। ऐसे में पुलिस को उसे ढूंढ पाना मुश्किल होता जा रहा है।**

बाणगंगा थाना क्षेत्र के लंदन विलाज में 23 फरवरी को हुई थी डकैती। डकैती के बाद मशक्कत कर पुलिस सोमला को पकडक़र लाई थी, लेकिन पांच मार्च को उसे जमानत मिल गई थी। इसके बाद वापस से कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी के आर्डर दिए थे, लेकिन तभी से वह फरार चल रहा है। बता दें कि 23 फरवरी को बाणगंगा थाना क्षेत्र में इंडियन आइल कार्पोरेशन के मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह के घर में डकैती हुई थी। पुष्पेंद्र और उनकी पत्नी आकांक्षा को बंधक बनाकर डकैत सोने के आभूषण और रुपये लेकर भाग निकले थे।

पुलिस ने डकैती के छह दिन बाद बड़ी कदवाल से डकैत सोमला पुत्र बदन सिंह को गिरफ्तार किया था। रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने सोमला को कोर्ट में पेश किया लेकिन जेएमएफसी कोर्ट से जमानत हो गई। मामले में लापरवाही मानते हुए बाणगंगा थाना प्रभारी और एसआइ को लाइन अटैच कर दिया था। आठ मार्च को पुलिस ने एक बार फिर कोर्ट में आवेदन पेश किया था। केस में धाराएं बढ़ाने, आरोपित के मप्र के कई जिलों और अन्य प्रदेशों में आपराधिक रिकार्ड होने की बात कही थी। इसके बाद कोर्ट ने जमानत निरस्त कर गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इसके बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमला के साथ ही पांच अन्य आरोपितों की भी तलाश की जा रही है।

### पुलिस ने कई जगह मारे छापे

बता दें कि सोमला की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने आलीराजपुर, गुजरात सहित कई ठिकानों पर छापे भी मारे, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं लगा। पुलिस जंगलों में भी उसकी तलाश कर रही है। अब इंदौर पुलिस अन्य टीमों को उसकी तलाश के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। आरोपित सोमला के ऊपर 30 हजार का इनाम घोषित है।

## चाकूबाजी में जीजा-साले घायल, दोनों के बीच हुआ था विवाद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में सोमवार रात जीजा-साले के बीच चाकूबाजी हो गई। इस घटना में दोनों घायल हैं। दोनों को रात में इलाज के लिए एमवाय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों पर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक घटना शिवकंठ नगर की है। यहां जितेन्द्र पुत्र नानूराम चौहान निवासी राजेन्द्र नगर अपने ससुराल पहुंचा। पत्नी से बातचीत में उसका विवाद हुआ। साले लखन ने मारपीट शुरू कर दी। लखन ने जितेन्द्र के पैर में चाकू मारा। परिवार के लोगों ने भी मारपीट की। इससे जितेन्द्र के सिर में चोट लगी है। विवाद में लखन को भी चाकू लगा है। जितेन्द्र का उसकी पत्नी के साथ दो साल से तलाक का केस चल रहा है। उसकी बेटी मायके में पत्नी के साथ ही है। जितेन्द्र बेटी से मिलने गया था। जबकि लखन के परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि जितेन्द्र शराब के नशे में था और घर आकर विवाद कर रहा था। हालांकि पुलिस दोनों पक्षों की तरफ से कार्रवाई की बात कही है।

# शौक पूरा करने कार चुराई, तीन धराए

### सिमरोल पुलिस ने किया वारदात का खुलासा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। गर्लफ्रेंड को घुमाने, महंगे कपड़े खरीदने और घुमने फिरने का शौक पूरा करने दो युवकों ने नाबालिग साथी के साथ कार चुराई। शिकायत के चंद घंटे बाद ही सिमरोल पुलिस ने बदमाशों को धरदबोचा।**

फरियादी साहिब पिता शराफत अली निवासी शिवअखंड नगर बाणगंगा ने बताया कि वह किराए पर कार टैक्सी चलाता है। 29 मार्च को उसके पास युवकों के कॉल आए। कॉल पर वह कार क्रमांक एमपी-09-टीबी-5839 लेकर युवकों के पास फिनिक्स माल पहुंचा। यहां से तीनों युवक ओंकारेश्वर जाने का बोलकर बैठे। तीनों ने चोरल में बीयर पी। ओंकारेश्वर के पहले मोरटक्का पर बदमाशों ने मेरी आंख पर पट्टी तथा हाथ पैर बांध दिए। कार से उतारकर मुझे पिछली सीट पर बैठाया और खुद कार ड्राइव करने लगे। बदमाशों ने मुझे रात में चोरल के समीप ग्राम रतवी के जंगल में छोड़ दिया और कार, नकदी 8 हजार रुपए और मोबाइल लेकर भाग निकले। मेरे द्वारा शोर मचाने पर लोगों ने हाथ पैर खोले। मामले में पुलिस ने बदमाशों पर लूट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज के आधार पर बदमाश संदीप पिता राधेश्याम मौर्य, कृष्णा पिता गोवर्धन ओस्तवाल तथा नाबालिग, तीनों निवासी रामानंद नगर को गिरफ्तार कर लिया है।

## युवक का पैर टैंकर से कुचलने की जांच

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। रंगपंचमी की गेर में एक युवक का पैर टैंकर के पहिए के नीचे आने के मामले में पुलिस जांच कर रही है। युवक अभी एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट है।

घटना रंगपंचमी के दिन दोपहर को राजबाडा चौक में हुई थी। यहां एक टैंकर से पानी फेंका जा रहा था। इस दौरान धक्का-मुक्की हुई जिसमें सागर पिता सुरेश मिश्रा (28) निवासी सुभाष नगर गिर गया। इस दौरान टैंकर आगे बढ़ा तो उसका पैर पहिए के नीचे आ गया। इस बीच जब लोगों ने देखा तो उसे जल्द से खींचा जिससे उसका दूसरा बच गया। तत्काल उसे एम्बुलेंस से एमवाय हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां से उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में रैफर किया गया। रविवार को उसकी सर्जरी हुई है। मामले में पुलिस ने सागर व परिजन के बयान लिए हैं। इसके साथ ही टैंकर का भी पता लगाया जा रहा है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

# लेपटॉप, आइपेड और मोबाइल उड़ाए

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। पलासिया में एक चोर ने दो बिल्ड़ीग में सुबह सुबह चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर यहां से एक लेपटॉप,आइपेड ओर चार मोबाइल लेकर चले गया। पुलिस को बिल्ड़ीग के कैमरो के सीसीटीवी फुटेज मिले है। इसके बाद चोर की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक अक्षत अग्रवाल निवासी पदमालय कॉलोनी ने बताया कि वह बीएससी की पढ़ाई कर रहा है। अपने दोस्त सुभाष ओर सुधीर के साथ अपार्टमेंट में रहता है। सोमवार सुबह मार्निक वॉक के लिये उठा ओर गेट अटकाकर चले गया। वापस आने पर उसे अपना लेपटॉप नही दिखा। उसने दोस्तो को उठाया तो सुभाष का आइपेड भी गायब था। वह रूम के बाहर आए ओर नीचे के गार्ड व अन्य लोगो से पूछताछ की। लेकिन जानकारी नही मिली।

### पड़ोसी अपार्टमेंट से भी चले गए चार मोबाइल

अक्षत के मुताबिक कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि आरोपी पास के कांता अपार्टमेंट के एक फ्लैट से उनके परिचित अनिल बैरागी,देवेन्द्र यादव,रवि जाट और कुणाल गोस्वामी के चार मोबाइल भी चुराकर ले गया। उन्होंने थाने आकर पुलिस को जानकारी दी। जिसमें पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी देखे। जिसमें एक चोर हाथ में लेपटाप ले जाता दिखाई दिया। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है।

## मोबाइल पर बात करते हुए लगा ली फांसी

**इंदौर**। मल्हारगंज इलाके में रहने वाले एक स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। वह 10 वी क्लास की पढ़ाई रहा था। सोमवार को वह घर पर अकेला था। उस समय उसने यह कदम उठा लिया। शाम को बड़े भाई ने उसे देखा तो पुलिस को सूचना की। स्टूडेंट का मोबाइल पास में पड़ा था। जो चालू था। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। संभवत मोबाइल पर बात करते हुए उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस के मुताबिक मृतक अभिषेक रघुवंशी(18) पिता कैलाश रघुवंशी निवासी कड़ीलपुरा है। सोमवार देर शाम उसका शव घर के कमरे में फंदे पर लटके मिला। भाई ने पुलिस को सूचना की। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरा सील कर दिया। अभिषेक का मोबाइल कमरे में चालू मिला है। उसे भी पुलिस ने सीलबंद किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक